वस्त्र मंत्रालय

मंत्रिमंडल के लिए जून, 2022 माह का मासिक सारांश

1. महत्वपूर्ण नीति : शून्य

2. महत्वपूर्ण उपलब्धियां:

I. कपास की अखिल भारतीय आवक लगभग 16.12 लाख गांठ थी। इस कपास मौसम में अक्टूबर 2021 से जून 2022 तक कपास की कुल आवक 300.67 लाख गांठ रही है। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 12% कम है। कच्चे कपास के शुल्क मुक्त आयात के लिए नियत तिथि दिनांक 31.10.2022 तक बढ़ा दी गई है। घरेलू बाजार में कच्चे कपास की कीमतों में कमी शुरू हो गई है। उम्मीद है कि इस वर्ष कपास के तहत फसल का कवरेज लगभग 10% अधिक होगा क्योंकि कपास वर्ष 2021-22 में किसानों को बहुत अच्छी कीमत मिली थी। चूंकि बाजार में कपास की कीमत एमएसपी से ऊपर चल रही है, भारतीय कपास निगम (सीसीआई) ने जून, 2022 के दौरान एमएसपी संचालन के तहत कपास की खरीद नहीं की है।

II. घरेलू और विदेशी बाजार में हथकरघा को बढ़ावा देने के लिए, हथकरघा निर्यात संवर्धन परिषद ने जून, 2022 के दौरान दो अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किए - (i) हेमटेक्सटिल , फ्रेंकफर्ट, जर्मनी और (ii) ओस्लो, नॉर्वे में साड़ी महोत्सव।

बुनकर मुद्रा योजना के तहत जून 2022 में 192 मुद्रा ऋण स्वीकृत किए गए।

III. उत्पादन संम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत, 64 आवेदकों का चयन किया गया था और जून, 2022 में 32 चयनित प्रतिभागियों को अनुमोदन पत्र भेजे गए थे। इसके अलावा, पीएलआई के दूसरे दौर के लिए वस्त्र हेतु पीएलआई योजना की समीक्षा और भावी योजनाओं पर चर्चा करने के लिए दिनांक 10.06.2022 को सचिव (वस्त्र) की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। पीएलआई योजना के तहत तकनीकी वस्त्रों के एचएस कोड पर चर्चा के लिए सचिव (वस्त्र) की अध्यक्षता में एक बैठक भी हुई।

IV. दिनांक 10.06.2022 को फिक्की द्वारा वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से तकनीकी वस्त्रों में मानकों के लिए 5 वां राष्ट्रीय सम्मेलन ''बिल्डिंग स्टैन्डर्ड फॉर इंडिया @2047', विषय पर आयोजित किया गया जिसमें सचिव (वस्त्र) ने उद्घाटन भाषण दिया।

V. जून, 2022 के दौरान एटीयूएफएस के तहत कुल 280 मामलों का निपटान किया गया।

II. माननीय वस्त्र मंत्री ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

- दिनांक 02.06.2022 को उद्योग भवन, नई दिल्ली को हर घर झंडा पर बैठक
- दिनांक 27.6.2022 को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में वस्त्र पर वरिष्ठ अधिकायिों की बैठक की अध्यक्षता की ।
- वस्त्र क्षेत्र पर प्रधान मंत्री की कार्रवाई की समीक्षा के लिए बैठक की अध्यक्षता की।
- शैक्षिक/कौशल विकास संस्थान की समीक्षा; तथा

- दिनांक 28.06.2022 को , नई दिल्ली में निर्यात पुरस्कार समारोह

III. माननीय वस्त्र राज्य मंत्री ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

- दिनांक 14.06.2022 को शिल्प संग्रहालय, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में कॉटेज एम्पोरियम आउटलेट " लोटा शॉप" का उद्घाटन
- दिनांक 16.6.2022 को इचलकर्णजी में मेगा क्लस्टर का दौरा किया ।

IV. सचिव (वस्त्र) ने निम्नलिखित बैठक की अध्यक्षता की/में भाग लिया:

- दिनांक 02 जून, 2022 को उद्योग भवन, नई दिल्ली में हर घर झंडा पर हुई बैठक में भाग लिया।
- दिनांक 03.06.2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एकीकृत प्रसंस्करण विकास योजना (आईपीडीएस) पर परियोजना अनुमोदन समिति (पीएसी) की बैठक।
- दिनांक 03.06.2022 को समर्थ के तहत पब्लिक डेशबोर्ड के विकास के डेमो पर बैठक।
- दिनांक 04.06.2022 को नई दिल्ली में भारतीय कला और डिजाइन संस्थान के स्नातक प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया।
- दिनांक 06.06.2022 को 5 वर्षीय ''विजन डाक्यूमेंट एंड प्रिपरेशन ऑफ विजन @2047'' की तैयारी पर लंबित मुद्दों के अद्यतन की समीक्षा के लिए एसजीओएस-7 की बैठक।
- दिनांक 06.06.2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एटीयूएफएस की जगह नई योजना के हितधारक परामर्श संरचना के संबंध में चर्चा ।
- दिनांक 06.06.2022 को सीएनबीसी टीवी 18 के साथ वस्त्र पर लाइव साक्षात्कार।
- दिनांक 07.6.2022 को खिलौनों पर एनएपीटी-पीएलआई पर हुई प्रगति की समीक्षा के संबंध में नीति आयोग के सीईओ के साथ अनुवर्ती बैठक ।
- दिनांक 07.06.2022 को नई दिल्ली में एक आत्मनिर्भर और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी भारत : आगे की संभावनाएं और चुनौतियां के निर्माण पर राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया
- दिनांक 08.06.2022 को स्कूल ऑफ फैशन, पर्ल एकेडमी, राजौरी कैंपस, नई दिल्ली के छात्रों को संबोधित किया।
- दिनांक 10.06.2022 को फिक्की, नई दिल्ली में तकनीकी वस्त्र मानकों पर 5 वें राष्ट्रीय सम्मेलन की बैठक ।
- वस्त्र के लिए पीएलआई योजना की समीक्षा बैठक और पीएलआई के दूसरे दौर दौर के लिए आगे की भावी योजनाओं पर चर्चा।
- दिनांक 10.06.2022 को नई दिल्ली में पीएम-मित्र पर बैठक।
- बांग्लादेश का दौरा: इंटेक्स साउथ एशिया शो 2022 ढाका का उद्घाटन, वस्त्र मंत्री / सचिव और जुनबे, बांग्लादेश के साथ चर्चा की; और बांग्लादेश के उद्योग निकायों के साथ बातचीत, बांग्लादेश में ग्रीन गारमेंट फैक्टरी का दौरा।
- इंडिया पवेलियन के उद्घाटन के लिए (i) हेमटेक्सटिल में इंडिया पवेलियन (ii) टेक्सचटेक्स्टिल और प्लेक्सकॉन्सिल में इंडिया पवेलियन, हेमटेक्सटिल , फ्रैंकफर्ट, जर्मनी का दौरा किया ; (iii) इंटरनेशनल टेक्सटाइल मैन्युफैक्चरर्स फेडरेशन (आईटीएमएफ) के साथ बैठक; (iv) मेस फ्रैंकफर्ट अधिकारियों के साथ बैठक: (v) वस्त्र मंत्रालय की एजेंसियों के तहत इन्वेस्ट इंडिया द्वारा 'वैशिवक वस्त्र कंपनी निवेशक फोरम' पर एक गोलमेज चर्चा का आयोजन किया गया था (vi) 21-24 जून,2022 के दौरान वस्त्र मशीनरी की

अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का दौरा किया और भारतीय हथकरघा प्रदर्शक : कार्ल मेयर फैक्टरी ओबर्टशौसेन ; ओवरलिकन  बरमग फैक्ट्री, रेम्सचीड, जर्मनी; के साथ बातचीत की।

- दिनांक 27.6.2022 को वाणिज्य भवन, नई दिल्ली में माननीय वस्त्र मंत्री द्वारा वस्त्र पर वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में भाग लिया
- (i) वस्त्र पर प्रधानमंत्री की कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा बैठक , (ii) दिनांक 28.06.2022 को नई दिल्ली में डीसी(हस्तशिल्प) द्वारा आयोजित शैक्षिक / कौशल विकास संस्थान और निर्यात पुरस्कार समारोह की समीक्षा में भाग लिया।
- दिनांक 30.06.2022 को नई दिल्ली में वस्त्र आयुक्त के कार्यालय के पुनर्गठन पर चर्चा।

V. "आज़ादी का अमृत महोत्सव ": के तहत निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित / मनाए   गए

- वस्त्र मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस -2022 मनाया था ।
- जून, 2022 के दौरान भारत की आजादी की लड़ाई के दौरान भारत के राजनीतिक नेता गोपाल कृष्ण गोखले की 156 वीं जयंती और भारतीय क्रांतिकारी सुखदेव थापर  की 115 वीं जयंती मनाई गईं थीं।
- जून, 2022 के दौरान टीकाकरण/बूस्टर खुराक शिविर का आयोजन किया गया।
- दिनांक 22.06.2022 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

V I. ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के तहत ''हर घर तिरंगा अभियान''

भारत सरकार ने ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के तहत ''हर घर तिरंगा'' अभियान शुरू किया है। एक उद्देश्यपूर्ण और सहभागी कार्यक्रम के लिए, यह परिकल्पना की गई है कि भारत की आबादी के एक बड़े हिस्से को कवर करते हुए 10 करोड़ से अधिक भारतीय परिवार अगस्त 2022 में ''स्वतंत्रता सप्ताह'' के दौरान झंडा फहराएंगे। वस्त्र मंत्रालय को लगभग छह करोड़ राष्ट्रीय ध्वज के निर्माण का लक्ष्य दिया गया है। इस संबंध में, अभियान की स्थिति की समीक्षा के लिए दिनांक 02.06.2022 को मंत्रिसमूह की  एक बैठक आयोजित की गई थी। इसके बाद, दिनांक 08.06.2022 और 22.06.2022 को सभी ध्वज निर्माताओं को पत्र भेजकर उनका ब्योरा मांगा गया था। सचिव (वस्त्र) ने दिनांक 29.06.2022 को वरिष्ठ अधिकारियों और निर्माताओं के साथ एक बैठक की।

............